पानी की बर्बादी रोकने नलों में लगाएं टोटी, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने दिए सख्त निर्देश

भिलाई नगर/ निगमायुक्त लोकेश चंद्राकर अपने नियमित मॉर्निंग विजिट के दौरान वार्ड क्रमांक 46 दुर्गा मंदिर क्षेत्र में निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक स्थान पर सार्वजनिक नल से पानी बहते हुए देखा। यह देखकर निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक नलों में पानी की बर्बादी को रोकने के लिए टोटी का इंतजाम करें। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की पानी की बर्बादी को रोकने के लिए घरों में टोटी का प्रबंध करें और आवश्यकता होने पर ही टोटी खोलकर पानी लेवे। टोटी नहीं होने से पानी की काफी बर्बादी होती है साथ ही गर्मी के दिनों में खासकर पानी का प्रेशर भी अंतिम छोर तक इन्हीं कारणों से नहीं पहुंच पाता। आयुक्त ने टोटी लगाने के सख्त निर्देश सभी जोन के अधिकारियों को दिए हैं। निगमायुक्त ने कैनाल रोड के किनारे स्थित सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया, उन्होंने शौचालय में साफ सफाई अच्छी पाई। आयुक्त ने कहा कि इसी तरह से सभी शौचालय में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रहें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेंबर लगाकर गटर वाले स्थानों को ढकने के निर्देश भी दिए। । सफाई को लेकर भी निगम आयुक्त ने अंदरूनी क्षेत्रों के गली, मोहल्लों का निरीक्षण किया। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की स्थिति भी देखी। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने सफाई को लेकर अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। आज के आयुक्त के निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे विशेष रूप से मौजूद रहे।